AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि में होगी 145 शिक्षकों की भर्ती

असिस्टेंट प्रोफेसर के 64, एसोसिएट प्रोफेसर के 51 व प्रोफेसर के 30 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षकों की कमी जल्द दूर होगी। यहां के विभिन्न विभागों में खाली 145 पदों पर भर्ती करने का विज्ञापन बुधवार को जारी किया गया। इसमें असिस्टेंट प्रोफेसर के 64, एसोसिएट प्रोफेसर के 51 और प्रोफेसर के 30 पद हैं।

इन पर भर्ती के बाद विवि के सभी विभागों में सुचारू रूप से शिक्षण कार्य हो सकेगा और पुराने शिक्षकों पर से अतिरिक्त भार भी कम होगा। इसके साथ ही छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी मिल सकेगी।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की मंजूरी के बाद कुलसचिव विनोद कुमार सिंह की ओर से जारी किए गए भर्ती के विज्ञापन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। इसमें उन पदों को भी शामिल किया गया है जिनके लिए पूर्व में आवेदन मांगे गए थे, पर उनकी चयन प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। उस समय जिन्होंने आवेदन किया होगा, उन्हें दोबारा आवेदन करने की जरूरत नहीं है। हालांकि, वे चाहें तो आवेदन फॉर्म में संशोधन कर सकते हैं।

लविवि में 11 संकाय हैं। इसके अंतर्गत 40 से अधिक विभाग और संस्थान चलते हैं। इनमें 370 से अधिक नियमित और करीब इतने ही संविदा शिक्षक हैं। इसके बावजूद विभाग में सृजित पदों और विद्यार्थियों के हिसाब से यह संख्या पर्याप्त नहीं है।

इस कमी को दूर करने के लिए शिक्षक के 145 पदों पर भर्ती करने का विज्ञापन जारी किया गया है। अगर ये पद भर लिए जाते हैं तो लगभग सभी विभागों में शिक्षकों की कमी दूर हो जाएगी।

भर्ती के बाद दूर होगी विवि में शिक्षकों की कमी, पुराने शिक्षकों पर से अतिरिक्त भार भी कम होगा

इसी वर्ष प्रक्रिया पूरी करने का प्रयास

खाली पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। 30 सितंबर तक आवेदन के बाद चयन प्रक्रिया की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। प्रयास है कि वर्ष के अंत तक सभी पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी कर ली जाए।
-प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति, लविवि

अभिनव गुप्त शोध संस्थान में भी तीन पदों पर होगी शिक्षकों की नियुक्ति

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभिनव गुप्त शोध संस्थान (जिसे सौंदर्य तथा शैव दर्शन संकाय का दर्जा मिल गया है)में भी शिक्षक नियुक्ति की आस जाग गई है। 145 पदों पर नियुक्ति के विज्ञापन में इस संस्थान में भी तीन पदों पर शिक्षकों की भर्ती होनी है। पिछले पांच साल से संस्थान इसकी राह देख रहा है।

प्रदेश सरकार ने वर्ष 2018 में शासनादेश जारी करके अभिनवगुप्त शोध संस्थान को संकाय के रूप में उच्चीकृत किया था। इसके लिए प्रोफेसर-निदेशक का एक पद, दो पद असिस्टेंट प्रोफेसर के, एक पद रिसर्च फेलो, दो पद कर्मचारी, एक पद मल्टीटास्किंग और एक पद सफाई कर्मचारी का स्वीकृत किया था। लविवि प्रशासन ने एक प्रोफेसर तथा दो असिस्टेंट पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला है। इन पर भर्ती होने पर यहां पुरोहित, तंत्र, संस्कृत साहित्य, कला और संगीत पर आधारित डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों का संचालन शुरू हो सकेगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि में अब ऑनलाइन होंगे परीक्षा संबंधी काम

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में परीक्षा संबंधी काम अब ऑनलाइन कराने की तैयारी चल रही है। इसमें प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर प्रैक्टिकल के लिए परीक्षक आवंटन तक के काम शामिल होंगे। ऐसा होने पर काम में तेजी आएगी।

चार जनपद के कॉलेज संबंद्ध होने के बाद लविवि में परीक्षा संबंधी कामों का दबाव बढ़ गया है। शिक्षकों से प्रश्नपत्र लेने के साथ कॉलेजों में होने वाले प्रैक्टिकल के लिए परीक्षकों का आवंटन बड़ी चुनौती है। इसे देखते हुए ऑनलाइन माध्यम का सहारा लेने की तैयारी है।

ऐसा होने पर कॉलेज को उसकी लॉग इन आईडी में परीक्षक का नाम भेज दिया जाएगा। इसी तरह प्रश्नपत्र तैयार करने के लिए शिक्षकों से संपर्क और उनसे प्रश्नपत्र मंगाने का काम भी ऑनलाइन होगा। इससे गोपनीयता के साथ काम में तेजी भी आएगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर परीक्षक आवंटन तक होगा

NBT PAGE 2

LU: इंजिनियरिंग, फॉर्मेसी और एमसीए में आवेदन का अंतिम मौका आज

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी से इंजिनियरिंग, फॉर्मेसी और एमसीए करना चाहते हैं तो गुरुवार को आवेदन का अंतिम मौका होगा। गुरुवार के बाद यूनिवर्सिटी इन कोर्स में आवेदन स्वीकार नहीं करेगा। अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जाकर आवेदन करना होगा।

बीटेक में 480, बीफार्मा में 100 और एमसीए में 30 सीटों पर होना है प्रवेश

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने सत्र 2023-24 में बीटेक, बीफार्मा और एमसीए में खुद प्रवेश लेने का फैसला किया है। इसके तहत विश्वविद्यालय ने प्रवेश देने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की थी। इन कोर्स में प्रवेश के लिए गुरुवार को अंतिम मौका होगा। यूनिवर्सिटी प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इंजिनियरिंग एवं तकनीकी संकाय में जेईई मेन्स 2023 क्वालिफाई करने वाले अभ्यर्थी कम्प्यूटर साइंस एंड इंजिनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजिनियरिंग एआई, सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, मैकेनिकल में प्रवेश ले सकते हैं। बीफार्मा में सीयूईटी यूजी और एमसीएम में सीयूईटी पीजी की परीक्षा करने वाले अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

HINDUSTAN PAGE 6

शिक्षकों के 145 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन शुरू

जॉब्स

लखनऊ, संवाददाता। एलयू में 145 शिक्षकों की भर्ती के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। अनारक्षित, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 1500 रुपए और एससी-एसटी वर्ग के लिए 1200 रुपए तय किया गया है। अभ्यर्थी एलयू की ऑफिशियल वेबसाइट के जरिए 30 सितंबर तक आवेदन कर सकेंगे।

विज्ञापन जारी किया: एलयू में कला, विज्ञान, विधि, शिक्षाशास्त्र और एस्थेटिक्स एंड शैव फिलास्फी संकाय में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। सहायक आचार्य, सह आचार्य और आचार्य पद के 145 पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इसमें सहायक आचार्य के 64, सह आचार्य के 51 और आचार्य के 30 पद शामिल हैं। सहायक आचार्य के 21 अनारक्षित, 19 ओबीसी, 12 एससी, 02 एसटी व 10 ईडब्ल्यूएस की पोस्ट हैं। सह आचार्य के 51 पदों में 13 अनारक्षित, 14 ओबीसी, 14 एससी, 00 एसटी व नौ ईडब्ल्यूएस के लिए हैं। वहीं आचार्य के 30 पदों में 08 अनारक्षित, 10 ओबीसी, 08 एससी और चार पद ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित किया गया है। सहायक आचार्य पद के लिए शुरुआती वेतन 57,700 रुपए, सह आचार्य की 1,31,400 रुपए और आचार्य के लिए 1,44,200 रुपए रखा गया है। एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर रिक्त पदों का ब्योरा मिल जाएगा।

- एलयू की वेबसाइट पर 30 तक होंगे आवेदन
- कला, विज्ञान, विधि और शिक्षाशास्त्र में पद खाली

एलयूः पीजी दाखिले का दूसरा सीट आवंटन जारी

दाखिले की दौड़

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय की पीजी प्रवेश प्रक्रिया के तहत कई विषयों में सीटें आवंटित कर दी गई हैं। अभ्यर्थियों को 9 सितंबर तक फीस जमा करनी होगी।

एलयू में एमएससी कंप्यूटर साइंस, स्टैटिस्टिक्स या बायोटेक्नोलॉजी, फॉरेंसिक साइंस, भौतिक विज्ञान, प्राणि विज्ञान, बॉटनी या माइक्रो बायोलॉजी और बैचलर इन लाइब्रेरी साइंस में दूसरा सीट आवंटन जारी कर दिया गया है। एमए मनोविज्ञान, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, भू-विज्ञान, हिंदी, अस्पताल प्रबंधन, लोक प्रशासन, समाज कार्य और एमआईएच में भी दूसरी बार सीटें आवंटित कर दी गई हैं। इसी तरह एमए व एमएससी के नौ विषयों में तीसरा सीट अलॉटमेंट घोषित किया गया है। जबकि एमकॉम, एमपीएच में चतुर्थ सीट आवंटन का ऐलान किया गया है। एमवीए या एमएफए का पहला सीट अलॉटमेंट जारी हुआ है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि 9 सितंबर की रात 12 बजे तक फीस जमा करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। एमए समाजशास्त्र के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन 11 व 12 को होगा। विभागाध्यक्ष प्रो. डीआर साहू ने पत्र जारी कर दिया गया है।

JAGRAN CITY PAGE I

शेयर बाजार की जानकारी दी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज (आइएमएस) में बुधवार को वित्तीय कल्याण और शेयर बाजार में धन सृजन पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर आइसीआइसीआइ बैंक के यूपी व उत्तराखंड के जोनल हेड सैफ काजमी ने छात्र-छात्राओं को वेल्थ, डिजिटल वेल्थ शेयर बाजार से लेकर कंपनी की लिस्टिंग, डीमैट खाते, ट्रेडिंग अकाउंट के बारे में बताया। (जासं)

सत्यापन कल से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के परास्नातक (पीजी) पाठ्यक्रमों में दाखिला ले चुके नए छात्र-छात्राओं के अभिलेखों का सत्यापन आठ व नौ सितंबर को होगा। (जासं)

लवि में व्याख्यान

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में बुधवार को कृत्रिम बुद्धि (आर्टिफिसिएल इंटेलिजेंस) और मनोवैज्ञानिक परीक्षण में इसके प्रभाव विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें डीआईटी विश्वविद्यालय, देहरादून की प्रोफेसर मोनिका श्रीवास्तव ने शिक्षा और मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन के भविष्य को आकार देने की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. मुनेश कुमार, प्रो. मोनिका, डा. किरण लता और डा. सूर्य नारायण गुप्ता व अन्य शिक्षक रहे। (जासं)

लविवि: पीजी के 16 विषयों में दूसरा सीट आवंटन जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी कोर्सों में चल रही प्रवेश प्रक्रिया के तहत बुधवार को 16 विषयों में दूसरा सीट आवंटन जारी किया गया। इनके अभ्यर्थियों को नौ सितंबर तक पाठ्यक्रम का शुल्क लविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करना होगा।

दूसरा सीट आवंटन जारी होने वाले पाठ्यक्रमों में एमएससी कंप्यूटर साइंस, स्टैटिस्टिक्स या बायोटेक्नोलॉजी, फॉरेंसिक साइंस, भौतिक विज्ञान, प्राणि विज्ञान, बॉटनी या माइक्रो बायोलॉजी और बैचलर इन लाइब्रेरी साइंस हैं। वहीं, एमए मनोविज्ञान, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, भू-विज्ञान, हिंदी, अस्पताल प्रबंधन, लोक प्रशासन, समाज कार्य और एमआईएच में भी अभ्यर्थियों को दूसरी बार सीटें आवंटित की गई हैं।

इसी तरह एमए व एमएससी के नौ विषयों में तीसरा और एमकॉम, एमपीएच में विद्यार्थियों को चौथा सीट आवंटन किया गया है। इसके अलावा एमवीए या एमएफए का पहला सीट अलॉटमेंट जारी हुआ है। अभ्यर्थी अपने लॉग इन आईडी का इस्तेमाल करके सीट आवंटन से संबंधित विवरण देख सकते हैं। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि नौ सितंबर की मध्यरात्रि तक ऑनलाइन फीस जमा कर सकते हैं। अभ्यर्थी लविवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर पीजी एडमिशन में जाकर कटऑफ सूची भी देख सकते हैं।

नौ तक जमा करना होगा शुल्क, एमवीए या एमएफए का पहला सीट अलॉटमेंट जारी

समाजशास्त्र में दस्तावेजों का सत्यापन 11, 12 को

एमए समाजशास्त्र के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वालों के दस्तावेजों का सत्यापन 11 व 12 सितंबर को होगा। इसके लिए विभागाध्यक्ष प्रो. डीआर साहू ने पत्र जारी कर दिया है। सुबह 10 बजे से विभाग में कार्य शुरू किया जाएगा।

एनसीसी भर्ती में 200 से अधिक शामिल

लखनऊ। लविवि के शिवाजी ग्राउंड में बुधवार को 64 यूपी वाहिनी नई भर्ती प्रक्रिया का आयोजन हुआ। इसमें 178 छात्र और 84 छात्राओं ने ऊंचाई माप, दौड़ और लिखित परीक्षा में हिस्सा लिया। मौके पर कमांडिंग ऑफिसर समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। (संवाद)

एआई के फायदे, नुकसान बताए

लखनऊ। लविवि के शिक्षा विभाग में बुधवार को एआई तकनीक पर आधारित विशेष व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता डीआईटी विवि की प्रो. मोनिका श्रीवास्तव ने कहा, एआई मनोविज्ञान के परीक्षणों को बढ़ाने में अभूतपूर्व योगदान दे सकता है, बशर्ते इसका सही इस्तेमाल हो। उन्होंने इसके नकारात्मक प्रभावों की भी चर्चा की। (संवाद)

एलयूः दस्तावेजों की जांच 8 और 9 सितंबर को

लखनऊ। एलयू में पीजी प्रवेश परीक्षा के तहत नव प्रवेशित विद्यार्थियों को 8 व 9 सितंबर को अपने मूल प्रमाण पत्रों व अंकपत्रों की जांच करानी होगी। इसके लिए वेबसाइट पर निर्देश जारी करने होंगे। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक की मार्कशीट, प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर व फीस रिसिप्ट लेकर उपस्थित रहना होगा।

बीटेक, बीफार्मा और एमसीए में आवेदन का आज अंतिम मौका

लखनऊ। एलयू में बीटेक, बीफार्मा व एमसीए में प्रवेश के लिए आवेदन का गुरुवार को आखिरी मौका होगा। एलयू ने सत्र 2023-24 से बीटेक, बीफार्मा और एमसीए में खुद से प्रवेश लेने का फैसला किया है। जिसके तहत विवि ने अपने स्तर से प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संकाय में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एआई में बीटेक पाठ्यक्रम संचालित है। इसमें जेईई मेन्स-2023 क्वालिफाई करने वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। जबकि बीफार्मा में सीयूईटी यूजी और एमसीए में सीयूईटी पीजी की परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन लिए जा रहे हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि बीटेक में कुल 480 सीटें है। वहीं बीफार्मा में 100 और एमसीए में 30 सीटें हैं। आवेदन के अनुरूप एलयू उनकी मेरिट बनाएगा। 13 से 17 सितम्बर तक काउंसलिंग होगी।

AMRIT VICHAR PAGE 7

मतदाता बनना हम सबकी जिम्मेदारी

जिलाधिकारी ने 18-19 वर्ष के युवाओं को मतदाता बनाने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मतदाता बनने के लिए हमें 18-19 वर्ष के युवाओं पर फोकस करने की जरूरत है। हम सब की जिम्मेदारी है की इस उम्र के युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करायें। यह बातें जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने कही।

बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के राधाकमल मुखर्जी सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने प्रधानाचार्यों व आचार्यों को छात्र-छात्राओं को मतदाता बनाने पर जोर दिया। इस संदर्भ में आने वाली चुनौतियों के निराकरण के सुझाव दिए। कहा, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर वर्ष में चार बार 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर के अहर्ता के आधार पर हर व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में पंजीकृत किए जाएंगे।

उपजिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शुभी सिंह ने बताया की युवक एवं युवतियों के पंजीकरण की प्रक्रिया 17 वर्ष की आयु में आते ही शुरू हो जाती है। इससे 18 वर्ष की आयु में उनका वोटर लिस्ट में नाम जुड़ सके। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय निर्वाचन आयोग के साथ हमेशा मतदाता जागरूकता अभियान में हिस्सा लेता रहा है। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी मीनाक्षी पांडे, नगर मजिस्ट्रेट एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सिद्धार्थ आदि रहे।

लखनऊ विश्वविद्यालय के राधाकमल मुखर्जी सभागार में कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार व साथ में उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शुभि सिंह। अमृत विचार

● लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

RASHTRIYA SAHARA PAGE 7

वोटरों का शत प्रतिशत पंजीकरण कराएं

लखनऊ (एसएनबी)। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक नामावली में नए मतदाताओं का शत प्रतिशत नाम सम्मिलित कराने हेतु पंजीकरण कार्यक्रम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय के राधाकमल मुखर्जी सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से शुरू किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार इस कार्यक्रम के संदर्भ में सभी प्रधानाचार्यों, आचार्यों को उनके संबंधित विद्यार्थी को नामावली सूची में शामिल करने हेतु आवश्यक कार्यवाही एवं प्रक्रिया से अवगत कराया और इस संदर्भ में आने वाली चुनौतियों के निराकरण हेतु सुझाव दिया।

कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शुभी सिंह ने वताया की युवक एवं युवतियों के पंजीकरण हेतु प्रक्रिया 17 वर्ष की आयु में आते ही प्रारंभ कर दी जाए ताकि 18 वर्ष की आयु में उनका वोटर लिस्ट में नाम जुड़ सके। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य कुलानुशासक, लखनऊ विश्वविद्यालय प्रोफेसर राकेश द्विवेदी ने आश्वासन दिया कि लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालय अपना शत प्रतिशत देगा नए पंजीकरण कराने में, साथ ही जिलाधिकारी द्वारा दिए गए सुझाव को अपनाने का पूरा प्रयास करेगा। कार्यक्रम में सभी डिग्री कालेजों के प्राचार्य उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने उन्हें संबंधित विद्यार्थी को नामावली सूची में शामिल करने के लिए आवश्यक कार्यवाही एवं प्रक्रिया से अवगत कराया। इसमें आने वाली चुनौतियों के निराकरण के सुझाव भी दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डा. शुभी सिंह ने बताया कि युवक एवं युवतियों के पंजीकरण की प्रक्रिया 17 वर्ष की आयु में आते ही प्रारंभ कर दी जाए ताकि 18 वर्ष की आयु में उनका वोटर लिस्ट में नाम जुड़ सके। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि लवि निर्वाचन आयोग के साथ सदैव साथ मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान में हिस्सा लेता रहा है। कार्यक्रम में एक्एसएस के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. रुपेश कुमार भी उपस्थित रहे।

मतदाता पहचान पत्र की महत्व की भी चर्चा

PIONEER PAGE 3

कृत्रिम बुद्धि व मनोवैज्ञानिक परीक्षण पर व्याख्यान आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग की तरफ से बुधवार को ज्ञानवर्धक कार्यक्रम के अंतर्गत कृत्रिम बुद्धि (आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस) और मनोवैज्ञानिक परीक्षण में इसके प्रभाव पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

व्याख्यान में विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर दिनेश कुमार द्वारा व्याख्यान की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया। व्याख्यान की मुख्य वक्ता के रूप में शामिल डीआईटी विश्वविद्यालय देहरादून की प्रतिष्ठित प्रोफेसर मोनिका श्रीवास्तव ने शिक्षा और मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन के भविष्य को आकार देने में अंतःविषय सहयोग के महत्व और प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डाला। कृत्रिम बुद्धि और शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने कृत्रिम बुद्धि में तेजी से हो रही प्रगति और मनोवैज्ञानिक परीक्षण में क्रांति लाने की इसकी क्षमता पर चर्चा करके शुरुआत की। प्रोफेसर श्रीवास्तव ने विभिन्न एआई संचालित उपकरणों और तकनीकों के बारे में चर्चा की जिनका उपयोग मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन की सटीकता और दक्षता बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एआई कैसे बड़े डेटासेट के विश्लेषण में सहायता कर सकता है और किसी व्यक्ति के संज्ञानात्मक और भावनात्मक कल्याण में व्यक्तिगत अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकता है। व्याख्यान में मनोवैज्ञानिक परीक्षण में एआई के एकीकरण से जुड़े नैतिक विचारों और चुनौतियों पर भी चर्चा हुई। प्रो श्रीवास्तव ने जिम्मेदार एआई विकास, डेटा गोपनीयता और एआई सहायता प्राप्त मूल्यांकन में मानव पर्यवेक्षण के महत्व की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को एआई संचालित मनोवैज्ञानिक परीक्षणों से उत्पन्न होने वाले नैतिक निहितार्थों और संभावित पूर्वाग्रहों को गंभीर मूल्यांकन करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. मुनेश कुमार ने प्रो मोनिका श्रीवास्तव के ज्ञानवर्धक व्याख्यान और क्षेत्र में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ किरण लता डोंगावत और डॉ सूर्य नारायण गुप्ता द्वारा विभाग के अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

लवि : 16 विषयों में दूसरा सीट आवंटन जारी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक प्रवेश के अंतर्गत बुधवार को 16 विषयों में दूसरा सीट आवंटन जारी कर दिया। अभ्यर्थी अपने लाग्इन के माध्यम से सीट आवंटन देख सकते हैं। इनमें सीट पाने वाले अभ्यर्थियों को नौ सितंबर को रात 12 बजे तक फीस जमा करने का मौका दिया गया है।

प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर पंकज माथुर की ओर से इसका नोटिफिकेशन वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है।

दूसरे सीट आवंटन में एमएससी कम्प्यूटर साइंस, एमएससी स्टाख्टिक्स/बायोस्टेटिस्टिक्स, एमएससी फारेंसिक साइंस, एमएससी फिजिक्स, एमएससी जूलाजी, एमएससी बाटनी/माइक्रोबायलोजी, एमए समाजशास्त्र, एमए एजुकेशन, एमए जाफ्री, एमए जियोलाजी, एमए हिंदी, मास्टर हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, एमआइएच, मास्टर आफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, मास्टर्स सोशल वर्क व बी.लिब्ररीसर्स विषय शामिल हैं। इनकी वेटआफ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर अपलोड की गई हैं।

'नए मतदाताओं के पंजीकरण में गूगल फार्म का सहयोग लें'

जासं, लखनऊ : भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष में चार बार एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई व एक अक्टूबर की अहर्ता के आधार पर हर व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में पंजीकृत किए जाएंगे। नए मतदाताओं के पंजीकरण को सरल बनाने के लिए कालेजों के प्राचार्य गूगल फार्म का सहयोग ले सकते हैं। यह जानकारी जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने दी। यह बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के राधा कलम मुखर्जी सभागार में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक नामावली में नए मतदाताओं का शत प्रतिशत नाम सम्मिलित कराने के लिए पंजीकरण कार्यक्रम को यहां मुख्य अतिथि सम्मोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में सभी डिग्री कालेजों के प्राचार्य उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने उन्हें संबंधित विद्यार्थी को नामावली सूची में शामिल करने के लिए आवश्यक कार्यवाही एवं प्रक्रिया से अवगत कराया। इसमें आने वाली चुनौतियों के निराकरण के सुझाव भी दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डा. शुभी सिंह ने बताया कि युवक एवं युवतियों के पंजीकरण की प्रक्रिया 17 वर्ष की आयु में आते ही प्रारंभ कर दी जाए ताकि 18 वर्ष की आयु में उनका वोटर लिस्ट में नाम जुड़ सके। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि लवि निर्वाचन आयोग के साथ सदैव साथ मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान में हिस्सा लेता रहा है। कार्यक्रम में एक्एसएस के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. रुपेश कुमार भी उपस्थित रहे।

लवि करेगा पूरा सहयोग : लवि के चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि नए पंजीकरण कराने में विश्वविद्यालय एवं कालेज पूरा सहयोग देंगे। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि लवि निर्वाचन आयोग के साथ सदैव साथ मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान में हिस्सा लेता रहा है। कार्यक्रम में एक्एसएस के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. रुपेश कुमार भी उपस्थित रहे।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

एक अक्टूबर से जोड़े जायेंगे योग्य मतदाताओं के नाम

वरिष्ठ संवाददाता (VOI)

लखनऊ। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक नामावली में नए मतदाताओं का शत-प्रतिशत नाम सम्मिलित कराने के लिए पंजीकरण कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय के राधाकमल मुखर्जी सभागार में बुधवार को गांधीवादी विचार परिषद के सहयोग से शुरू किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार इस कार्यक्रम के संदर्भ में सभी प्रधानाचार्यों, आचार्यों को उनके संबंधित विद्यार्थी को नामावली सूची में शामिल करने के लिए आवश्यक कार्यवाही एवं प्रक्रिया से अवगत कराया और इस संदर्भ में आने वाली चुनौतियों के निराकरण के लिए सुझाव दिया।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष में चार बार अर्थात 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर के अहर्ता के आधार पर हर व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में पंजीकृत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गत लखनऊ विश्वविद्यालय निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान में हिस्सा लेता रहा है। लविवि एवं राष्ट्रीय सेवा योजना ने मतदाताओं को जागरूक करने में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उपस्थित उप जिला निर्वाचन अधिकारी, लखनऊ डॉ शुभी सिंह ने बताया की युवक एवं युवतियों के पंजीकरण के लिए प्रक्रिया 17 वर्ष की आयु में आते ही शुरू कर दी जाए ताकि 18 वर्ष की आयु में उनका वोटर लिस्ट में नाम जुड़ सके।

कार्यक्रम में उपस्थित लविवि के मुख्य कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी ने आश्वासन दिलाते हुए बताया कि लविवि और संबद्ध महाविद्यालय अपना शत प्रतिशत देगा नए पंजीकरण कराने में, साथ ही जिलाधिकारी द्वारा दिए गए सुझाव को अपनाने का पूरा प्रयास करेगा। कार्यक्रम का औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन लविवि के कुलसचिव डा विनोद कुमार सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान में हिस्सा लेता रहा है। लविवि एवं राष्ट्रीय सेवा योजना ने मतदाताओं को जागरूक करने में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

● लविवि में डीएम ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम किया शुरू